**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 247**

**02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएम मित्र पार्क की स्थापना**

**247. श्री कुंदुरु रघुवीर:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार का तेलंगाना के नलगोंडा जिले में कोई पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या मंत्रालय ने इस बात पर ध्यान दिया है कि यदाद्रि-भोंगीर के अतचंपल्ली-चिंतलपल्ली क्षेत्र का वर्तमान पीएम मित्र पार्क पूर्ववर्ती नलगोंडा जिले का हिस्सा था;

(ग) तेलंगाना में पीएम मित्र योजना के तहत अब तक हुए बुनियादी ढांचे के विकास, भूमि अधिग्रहण और निवेश की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त पार्क में सृजित रोजगार और स्थापित या प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करने के लिए विशेषकर नलगोंडा जिले के लिए एक नया कपड़ा या परिधान विनिर्माण कलस्टर स्वीकृत करने का विचार है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ङ):** निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में स्वयं को मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

मंत्रालय में मेगा वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए और पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए तेलंगाना (वारंगल) में एक साइट सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया गया है। अन्य चयनित साइट तमिलनाडु (विरुधुनगर), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) हैं।

यह परिकल्पना की गई है कि प्रत्येक पार्क के पूरा होने पर 10,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष तथा 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

तेलंगाना का पीएम मित्र पार्क 1327 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और आवंटन के लिए औद्योगिक भूखंड क्षेत्र 866.84 एकड़ है, जिसमें से अब तक 540.41 एकड़ भूमि वस्त्र कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। इन कंपनियों ने पार्क में 3862 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जिससे 24400 रोजगार सृजन का होने का अनुमान है।

सरकार वस्त्र इकाइयों की स्थापना के लिए वस्त्र उद्योग को अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करने हेतु एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) भी कार्यान्वित कर रही है। यह योजना 31.03.2021 तक कार्यान्वित थी, जिसके बाद इसे 568.15 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ टेक्सटाइल क्लस्टर डेवलपमेंट स्कीम (टीसीडीएस) के एक घटक के रूप में, केवल प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा करने के लिए जारी रखने हेतु स्वीकृत की गई थी।

***